मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-255
19/06/2022

लखनऊ–आगरा एक्सप्रेस–वे पर सड़क दुर्घटना में 4 लोगों की हुयी मौत पर मुख्यमंत्री मर्माहत, पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की

पटना, 19 जून 2022 :– लखनऊ–आगरा एक्सप्रेस–वे पर सड़क दुर्घटना में सीवान जिले के पचरूखी थाना क्षेत्र के रहने वाले एक ही परिवार के चार लोगों की हुयी मौत पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुर्घटना काफी दुखद है।

मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

मुख्यमंत्री ने इस दुर्घटना में घायल एक व्यक्ति के शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना की है।

****